# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
## 132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
निरार पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776

E-mail ID- eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 4235 / W23 / 54 दिनांक : 05-09/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,

इटावा।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान दिनांक 03.09.2026, प्रकाशित खबर "टंकियां अधूरी.. पानी की आस नहीं हुई पूरी" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण दिनांक 03.09.2026, प्रकाशित खबर "टंकियां अधूरी.. पानी की आस नहीं हुई पूरी" की खबर प्रकाशित की गयी थी।

जनपद इटावा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत 540 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं, जिसमें 175 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है, लगभग 80 प्रतिशत ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जनपद में लगभग रू0 956 करोड़ के लागत के कार्य प्रस्तावित हैं, जिसके सापेक्ष भौतिक प्रगति लगभग 65 प्रतिशत एवं वित्तीय प्रगति लगभग 55 प्रतिशत है। लगभग डेढ़ वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी रही है। योजनाओं पर धनावंटन उपरान्त कार्यों को पूर्ण कराकर अवशेष ग्रामों में जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

विकास खण्ड महेवा की **नगला विलहटी** पेयजल योजना जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 37 प्रतिशत, ट्यूबवेल, सोलर सिस्टम तथा पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पाइपलाइन 12.83 किमी0 के सापेक्ष 12.73 किमी0 बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त योजना में सीधे पम्पिंग से पेयजलापूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत तुर्क पहाड़पुर पेयजल योजना के मजरा हरपाल में टोंटी लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, विधीपुर पेयजल योजना के मजरा ईकरी में लीकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है एवं समाचार पत्र में प्रकाशित फोटो गड्ढे की फोटो मजरा बसैयाहार में पाइपलाइन ज्वाइंटिंग के समय की है। पूर्व में कार्य पूर्ण कर रास्ता ठीक करा दिया गया है। वर्तमान में विधीपुर पेयजल योजना से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

विकास खण्ड चकरनगर की **भरेह** पेयजल योजना जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पम्प हाउस 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पाइपलाइन 11.79 किमी0 के सापेक्ष 9.72 किमी0 बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही है, योजना के समस्त कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि मार्च 2028 है। निर्धारित अवधि में योजना के कार्यों को पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

विकास खण्ड ताखा की 42 नग ग्राम पंचायतों में से 37 नग ग्राम पंचायतें पूर्वनिर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित है, शेष 5 पंचायतों का कार्य जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्य प्रगति पर है, जिसमें कुदरैल ग्राम पंचायत हेतु कुदरैल पेयजल योजना सम्मिलित है। **कुदरैल पेयजल योजना** के अन्तर्गत के अन्तर्गत 03 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा गृह संयोजन, पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है, पाइपलाइन 13 किमी0 बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गृह संयोजन पाइपलाइन की टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। 01 नग अवर जलाशय निर्माणाधीन है, वर्तमान में धनाभाव के कारण लगभग डेढ वर्ष से कार्य की प्रगति धीमी रही, धनावंटन के उपरान्त अधूरे कार्यो को पूर्ण कराकर जलापूर्ति की जा सकेगी, टेस्टिंग उपरान्त धनाभाव के कारण पेयजल योजना का कार्य बन्द है। उक्त योजना पर पाइपलाइन बिछाई गयी है तथा पेयजल कनेक्शन कर टेस्टिंग की गयी है, परन्तु पोर्टल पर सप्लाई चालू नहीं दिखाई गयी है, वर्तमान में योजना निर्माणाधीन है। योजना के समस्त कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि दिसम्बर 2027 में योजना के कार्यो को पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

विकास खण्ड बढ़पुरा की **बीलमपुर कल्यानपुर, कांकरपुर** पेयजल योजना जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पम्प हाउस 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पाइपलाइन 11.79 किमी0 के सापेक्ष 9.72 किमी0 बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति धीमी है, योजना के समस्त कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि दिसम्बर 2027 में योजना के कार्यो को पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक : फोटोग्राफ।

भवदीय

(के0के0 प्रजापति)

अधिशासी अभियन्ता


पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।


प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता


Google
Ekari, Uttar Pradesh, India
M42j+222, Ekari, Uttar Pradesh 206127, India
Lat 26.65068° Long 79.130954°
Saturday, 05/09/2026 02:00 PM GMT +05:30


Google
Ekari, Uttar Pradesh, India
M42j+222, Ekari, Uttar Pradesh 206127, India
Lat 26.650276° Long 79.131546°
Saturday, 05/09/2026 02:03 PM GMT +05:30


Google
Ekari, Uttar Pradesh, India
M42j+222, Ekari, Uttar Pradesh 206127, India
Lat 26.650185° Long 79.131202°
Saturday, 05/09/2026 01:05 PM GMT +05:30


Kudrail, Uttar Pradesh, India
W82g+6wc, Kudrail, Uttar Pradesh 206242, India
Lat 26.902839° Long 79.328856°